झारखण्ड सरकार

# झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग,

**एफ0–49/50, सेक्टर–III धुर्वा, राँची–834004.**

# विज्ञापन संख्या–04/2014

# सहायक प्रतियोगिता परीक्षा– 2014

**(झारखण्ड सचिवालय सेवा एवं झारखण्ड लोक सेवा आयोग के अधीन)**

**1.** कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्र संख्या 7/नियुक्ति–003/2013 का0– 4347 (अनु0)दिनांक–15.05.2014 एवं पत्रांक–9283 (अनु0) दिनांक–15. 09.2014 तथा पत्र संख्या– 11/क0च0आ0–02–15/2014 का0–6145 (अनु0) दिनांक– 12.06.2014 द्वारा संसूचित रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति के लिए सुयोग्य उम्मीदवारों के चयन हेतु भारत के नागरिकों से विहित प्रपत्र में सहायक प्रतियोगिता परीक्षा– 2014 के लिये ऑनलाईन (Online)आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते हैं। उम्मीदवार अहर्ता अनुसार निम्नांकित शैक्षणिक योग्यता तथा निर्धारित आयु सीमा के अन्तर्गत आवेदन दे सकते है।

**2.** **रिक्तियों का विवरण :–**

| क्रम सं0 | सेवा का नाम | पदनाम | आरक्षण कोटि | पदों की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल | क्षैतिज आरक्षण | | | |
| | | | | | महिला | कम दृष्टि | मूक बाधिर | शारीरिक विकलांग एवं सेरेब्रल पालसी |
| **1** | **2** | **3** | **5** | **6** | **7** | **8** | **9** | **10** |
| 1 | झारखण्ड सचिवालय सेवा | सहायक | **1.**अनारक्षित/सामान्य | 53 | 02 | 01 | 01 | 01 |
| | | | **2.**अनुसूचित जनजाति | 12 | 01 | 0 | 0 | 0 |
| | | | **3.**अनुसूचित जाति | 14 | 01 | 0 | 0 | 0 |
| | | | **4.**अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) | 12 | 01 | 0 | 0 | 0 |
| | | | **5.**पिछड़ा वर्ग (अनुसूची –2) | 13 | 01 | 0 | 0 | 0 |
| | | | **योग :–** | **104** | **06** | **01** | **01** | **01** |
| 2 | झारखण्ड लोक सेवा आयोग | सहायक | **1.**अनारक्षित/सामान्य | 05 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | | **2.**अनुसूचित जनजाति | 02 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | | **3.**अनुसूचित जाति | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | | **4.**अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | | **5.**पिछड़ा वर्ग (अनुसूची –2) | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | | **योग :–** | **10** | **0** | **0** | **0** | **0** |
| | | | **सकल योग :–** | **114** | **06** | **01** | **01** | **01** |

3. कंडिका– 2 में वर्णित पदों का वेतनमान एवं न्यूनतम शैक्षिणिक योग्यता निम्नवत् हैः–

| क्रम सं0 | पदनाम | वेतनमान | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सहायक | वेतन बैंड पी0बी0II– रू0 9300–34800 ग्रेड वेतन– रू0 4600 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक अथवा समकक्ष डिग्री । |

4. आयु सीमाः– उम्र की गणना दिनांक– 01.08.2014 के आधार पर की जायेगी।
   1. न्यूनतम उम्र सीमा– 18 वर्ष
   2. अधिकतम उम्र सीमा :–
      (क) अनारक्षित / सामान्य– 35 वर्ष
      (ख) अत्यन्त पिछड़ा वर्ग अनुसूची (1) एवं पिछड़ा वर्ग अनुसूची (2)- 37 वर्ष
      (ग) महिला (अनारक्षित, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग अनुसूची(1) एवं पिछड़ा वर्ग अनुसूची (2)– 38 वर्ष
      (घ) अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति (पुरूष एवं महिला)– 40 वर्ष
      (ड) विकलांग व्यक्तियों के लिये अधिकतम उम्र सीमा में अतिरिक्त पाँच वर्ष की छूट होगी।

5. ON LINE आवेदन पत्र को भरना एवं जमा करना :– ऑन–लाईन आवेदन को भरने के लिए दिए गये दिशा निदेश का अक्षरशः पालन करें। आवेदन पत्र में दी गई सूचनाओं से पूर्ण संतुष्ट होने के पश्चात ही आवेदन पत्र को जमा (Submit) करें। आवेदन पत्र भरने के लिए आयोग के वेवसाईट www.jssc.in पर जाएँ एवं Online Application for ACE-2014 पर Click करें तथा आवेदन पत्र भरें।

6. **परीक्षा का स्वरूप**

1. **परीक्षा का स्वरूप एवं पाठ्यक्रम** :– परीक्षा दो चरणों में ली जायेगी –
   (क) प्रारम्भिक परीक्षा
   (ख) मुख्य परीक्षा

   दोनों परीक्षाओं में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय उत्तर आधारित होंगे। सही उत्तर के लिए 3 (तीन) अंक दिए जायेंगे तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 (एक) अंक की कटौती की जायेगी। प्रत्येक प्रश्न पत्र में प्रश्नों की संख्या 120 तथा परीक्षा की अवधि 2 (दो) घंटो की होगी। परीक्षा की भाषा हिन्दी / अंग्रेजी होगी।

2. **प्रारम्भिक परीक्षा** :–

(i) प्रारम्भिक परीक्षा में एक पत्र सामान्य ज्ञान (प्रारंभिक) का प्रश्न पत्र होगा। परीक्षा का विषय एवं प्रश्नों की संख्या निम्नवत होगी :–

(क) सामान्य अध्ययन – 30 प्रश्न
(ख) सामान्य विज्ञान एवं गणित – 30 प्रश्न
(ग) मानसिक क्षमता जाँच – 30 प्रश्न
(घ) कम्प्यूटर का मूलभूत ज्ञान – 30 प्रश्न

3. मुख्य परीक्षा– मुख्य परीक्षा के लिये दो पत्र होंगे :–

(क) **प्रश्न पत्र 1 – विषय हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा ज्ञान :–**

(i) इस परीक्षा के लिए प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय उत्तर आधारित होंगे।

**(ii) इस विषय में अर्हतांक 30 प्रतिशत है जो अनिवार्य है। जो उम्मीदवार इस विषय में 30 प्रतिशत अंक प्राप्त नहीं करेंगे, उनके मुख्य परीक्षा के दूसरे विषय सामान्य ज्ञान (मुख्य) (प्रश्न पत्र–2) का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा तथा वे मुख्य परीक्षा में योग्यता प्राप्त नहीं समझे जायेंगे। प्राप्त अंक की गणना मेधा सूची के परियोजनार्थ की जायेगी।**

(ख) प्रश्न पत्र 2 – विषय सामान्य ज्ञान (मुख्य) :–

(i) इस परीक्षा के लिए प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय उत्तर आधारित होंगे।

(ii) प्रश्न पत्र 2 सामान्य ज्ञान (मुख्य) में विषय एवं प्रश्नों की संख्या निम्नवत् होगी:–

(क) सामान्य अध्ययन, समसामयिक विषय, भारत देश एवं सामान्य विज्ञान – 30 प्रश्न होंगे।

(ख) अंकगणित – 30 प्रश्न होंगे।

(ग) मानसिक क्षमता जाँच – 30 प्रश्न होंगे।

(घ) कम्प्यूटर का मूल ज्ञान (Basic knowledge of Computer ) – 30 प्रश्न होंगे।

## 7. परीक्षा शुल्कः–

परीक्षा शुल्क रू0 500 (पांच सौ रूपये) है।

**परीक्षा शुल्क में छूटः–** झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिये परीक्षा शुल्क रू0 125 (एक सौ पच्चीस रूपये) है। रियायती शुल्क पर online आवेदन पत्र झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति कोटि से इतर कोटि के अभ्यर्थियों द्वारा भरे जाने की स्थिति में उनके आवेदन पत्र को रद्द करते हुए उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जा सकती है। ऑनलाईन आवेदन भरने में बैंक चालान अथवा क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिग के माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा करने की सुविधा उपलब्ध होगी। बिना परीक्षा शुल्क भुगतान किये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होंगे और वे रद्द किये जा सकेगें। परीक्षा शुल्क अप्रतिदेय (Non Refundable) होगा।

**ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की तिथि– दिनांक–20.01.2015 समय–11.00 बजे पूर्वाह्न से दिनांक– 28.02.2015 संध्या 04.00 बजे तक।**

**विस्तृत जानकारी के लिए आयोग के वेवसाईट www.jssc.in पर इस परीक्षा की विवरणिका (Prospectus) देखें।**

इस सूचना को आयोग के वेवसाईट www.jssc.in पर भी देखा जा सकता है।

ह0/–

परीक्षा नियंत्रक